an>

Title: Regarding opening a sale centre for providing fodder in every panchayat of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट एवं बांदा जनपद में पिछले कई वर्षों से सूखा पड़ने के कारण और इस वर्ष और अधिक सूखे के कारण पूरे क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पशु बिना चारे के भूख से मर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों तथा राज्य शासन से बहुत बार अनुरोध करने के बाद कहीं-कहीं किसी गांव में एक दिन के लिए पांच किलो से आठ किलो तक भूसा उपलब्ध कराया गया है। बाकी वे हाथ खड़े कर दिये हैं कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हालात बहुत खराब हैं, अतः सरकार से अनुरोध है कि ग्राम स्तर पर, हर न्याय पंचायत स्तर पर कम से कम एक भूसे व चारे का केन्द्र खोलकर पशुओं को चारा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार को निर्देश देने की कृपा करें, जिससे इस भीषण समस्या का समाधान हो सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.